भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1786

दिनांक 10 फरवरी, 2026

पश्चिम बंगाल में कृषि विज्ञान केंद्र

1786. श्री राजू बिष्टः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल में वर्ष 2019 से आज की तारीख तक कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) दार्जिलिंग जिले के लिए नए कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की स्थिति क्या है;

(ग) दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों में कृषि विज्ञान केंद्रों से लाभान्वित होने वाले किसानों और कृषि कार्यकलापों में लगे अन्य व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(घ) दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों में कृषि विज्ञान केंद्रों को उपलब्ध कराई गई धनराशि और किसानों को प्रदान की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए कोई तंत्र मौजूद है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) : वर्ष 2019-20 से 2025-26 की अवधि के दौरान पश्चिम बंगाल में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) द्वारा किसानों के खेतों पर उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों की उत्पादन क्षमता स्थापित करने हेतु 5256 ऑन-फार्म परीक्षण (OFTs) तथा 68023 अग्रपंक्ति प्रदर्शन (FLDs) आयोजित किए गए।

कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित प्रौद्योगिकियों के विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान एवं कौशल उन्नयन के लिए 463053 किसानों/किसान महिलाओं/ ग्रामीण युवाओं तथा 92320 प्रसार कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रति जागरूकता सृजित करने हेतु कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा 124.34 लाख किसानों को लाभान्वित करते हुए व्यापक स्तर पर प्रसार गतिविधियाँ संचालित की गईं।

कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा 1.85 लाख मृदा, जल, पौध एवं खाद के नमूनों का विश्लेषण कर किसानों को उपयुक्त परामर्श प्रदान किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा किसानों को उपलब्ध कराने हेतु 0.78 लाख क्विंटल खेत की फसलों के गुणवत्तायुक्त बीज, 124.82 लाख बागवानी फसलों की गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री तथा 88.94 लाख पशुधन वंशक्रमों/फिंगरलिंग्स का उत्पादन भी किया गया।

उपरोक्त का जिलेवार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) : दार्जिलिंग जिले को नवीन कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना हेतु ईएफसी (2021-26) दस्तावेज़ में सम्मिलित किया गया है। नवसृजित जिलों में कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना करना निर्धारित प्रक्रिया एवं दिशानिर्देशों के अनुसार एक सतत प्रक्रिया है। इस संबंध में आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होने, अनिवार्य मानदंडों की पूर्ति तथा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के उपरांत ही जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की प्रक्रिया पर विचार किया जाता है।

(ग) : कुल मिलाकर वर्ष 2019-20 से 2025-26 के दौरान दार्जिलिंग एवं कलिम्पोंग जिलों से क्रमशः 19158 तथा 44583 किसान कृषि विज्ञान केंद्रों की गतिविधियों से लाभान्वित हुए।

(घ): भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने वर्ष 2019-20 से 2025-26 की अवधि के दौरान कलिम्पोंग कृषि विज्ञान केंद्र को इसकी अधिदेशित गतिविधियों के संचालन हेतु 1404.18 लाख रुपये प्रदान किए।

(ङ.): जिला स्तर पर प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु निगरानी एवं समीक्षा की एक सशक्त व्यवस्था पश्चिम बंगाल सहित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के लिए विद्यमान है। कृषि विज्ञान केंद्रों की निगरानी एवं समीक्षा नियमित रूप से राष्ट्रीय, जोनल, विश्वविद्यालय तथा जिला स्तर पर क्रमशः भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कृषि विश्वविद्यालयों तथा प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक परामर्श समिति द्वारा की जाती है। कृषि विज्ञान केंद्रों के कार्य-निष्पादन एवं कार्यप्रणाली की समय-समय पर पंचवर्षीय समीक्षा दल (QRT) एवं तृतीय पक्ष मूल्यांकन के माध्यम से भी समीक्षा की जाती है।

****

अनुबंध-I

{लोक सभा के दिनांक 10.02.2026 के अतारांकित प्रश्न सं. 1786 का भाग (क)}

पश्चिम बंगाल के कृषि विज्ञान केंद्रों (KVKs) द्वारा 2019-20 से 2025-26 तक की गई गतिविधियों का जिलेवार विवरण

जिला	**OFT और FLD की संख्या (संख्या)**	**प्रशिक्षित/जागरूक किए गए व्यक्तियों की संख्या (लाख)**	**जांचे गए नमूनों की संख्या (लाख)**	**उत्पादित बीज (लाख क्विंटल)**	**उत्पादित रोपण सामग्री (लाख)**	**उत्पादित पशुधन वंशक्रम/फिंगरलिंग्स (लाख)**
बांकुड़ा	1512	1.810	0.006	0.106	5.937	3.612
बीरभूम	2119	0.545	0.069	0.111	2.276	6.057
बर्दवान	1133	21.059	0.015	0.018	0.943	0.050
कूचबिहार	1472	1.170	0.009	0.027	5.164	0.036
दक्षिण दिनाजपुर	12692	1.794	0.350	0.025	4.390	28.898
दार्जिलिंग	463	0.135	0.003	0.000	0.530	0.006
हुगली	6264	1.711	0.039	0.095	6.526	0.006
हावड़ा	5593	1.027	0.220	0.007	0.975	0.023
जलपाईगुड़ी	4005	0.640	0.081	0.001	7.116	1.581
झारग्राम	108	0.434	0.015	0.001	1.084	0.016
कलिम्पोंग	1070	0.314	0.007	0.001	1.235	0.013
मालदा	2655	62.232	0.871	0.042	3.807	2.591
मुर्शिदाबाद	4913	3.420	0.038	0.048	11.822	5.541
नादिया	9349	1.264	0.012	0.018	4.090	0.044
उत्तर 24 परगना	5139	0.627	0.018	0.025	3.038	28.601
पूर्ब मेदिनीपुर	4233	0.989	0.002	0.014	2.920	0.000
पुरुलिया	3875	6.184	0.017	0.034	15.207	0.015
दक्षिण 24 परगना	4766	23.377	0.010	0.138	43.343	7.500
उत्तर दिनाजपुर	1918	1.156	0.069	0.016	4.421	4.352
कुल	**73279**	**129.889**	**1.852**	**0.727**	**124.823**	**88.942**

****